उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, मंगलवार, 15 सितंबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

मनोरंजन

बैंड बाजों के साथ रत्नेश्वर महादेव मंदिर में विराजमान हुए गणपति बप्पा मोरया।



संवाददाता खुशांत गुप्ता छाता । भद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणपति प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है इसी क्रम में रत्नेश्वर महादेव मंदिर पर विराज मान हुए गणपति बप्पा जानकारी देते हुए गौरव अविरल शास्त्री। जी ने बताया शेरगढ़ रोड स्थित वाटिका पर विधि विधान से गणपति जी का पूजन किया गया बैंड बाजों के साथ रथ में विराजमान कर गणपति बप्पा को पुराना जी टी रोड सब्जी मंडी गोवर्धन चौराहा मेन बाजार होते हुए रत्नेश्वर महादेव मंदिर पर विराजमान किया गया कमेटी के प्रभारी आदित्य गुप्ता ने बताया कि पिछले 11 वर्षों से गणपति महोत्सव रतनेश्वर महादेव मंदिर पर मनाया जाता है जिसमें नगर के सभी महिला पुरुष भक्त शामिल रहते है सर्व प्रथम गणपति जी की आरती बलवीर गुर्जर, गौ रक्षक दल के अरुण ठाकुर कमल सिंह प्रहलाद अन्य सदस्यों के द्वारा की गई।उपस्थित जन में रिपोर्टर खुशांत गुप्ता ,निखिल वार्ष्णेय मुकेश जादौन नैतिक वार्ष्णेय हरीबाबू गुप्ता दिव्यांश भारत सोनी ललित सोनी टीपू बोहरे पुनीत कुमार रोहित आदि लोग शोभायात्रा में शामिल रहे सभी भक्तों को मोदक का प्रसाद वितरीत किया गया ।

एक नज़र में

जनपद अंबेडकर नगर के थाना क्षेत्र हसवर में बदमाश और पुलिस के बीच हुई मुठभेड ।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

जनपद अंबेडकर नगर के थाना क्षेत्र हसवर में बदमाश और पुलिस के बीच हुई मुठभेड ।



संवाददाता इंद्रेश कुमार मिश्रा पुलिस मुठभेड़ में 02 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में 02 अभियुक्त घायल, 03 गिरफ्तार। दिनांक 13.09.2026 को थाना हंसवर पुलिस की ग्राम मंगताहिया, मजरा शेमउर खानपुर नहर के पास बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 02 अभियुक्त घायल होकर गिरफ्तार किए गए तथा उपचार हेतु अस्पताल भेजे गए हैं ।मुठभेड़ के दौरान भाग रहे एक अन्य अभियुक्त को पीछा कर गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।इस सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी टाण्डा श्री प्रदीप सिंह चंदेल द्वारा दी गयी बाइट :- नहर के पास बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 02 अभियुक्त घायल होकर गिरफ्तार किए गए तथा उपचार हेतु अस्पताल भेजे गए हैं ।